संसार का सारा सुख केवल श्री राम तुम्हारे चरणों में

संसार का सारा सुख केवल श्री राम तुम्हारे चरणों में
प्रति पल प्रति छन में जपा करू तेरा नाम तुम्हारे चरणों में
संसार का सारा सुख केवल श्री राम तुम्हारे चरणों में

दीनो का दुःख हर ने वाले दुखियो पे दया करने वाले
दया सिन्धु निशावर दास करे धन धान तुम्हारे चरणों में
संसार का सारा सुख केवल श्री राम तुम्हारे चरणों में

तुमही तुम रहो मेरे मन में तेरी छवि बसी हो धडकन में
दुनिया में मिले तो मिले सदा आराम तुम्हारे चरणों में
संसार का सारा सुख केवल श्री राम तुम्हारे चरणों में

करुना निधि इतनी दया करो अपराध मेरे सब छमा करो
कोमल कुलदीप ये गुण गाये सुबहो शाम तुम्हारे चरणों में
संसार का सारा सुख केवल श्री राम तुम्हारे चरणों में

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21068/title/sansar-ka-sara-sukh-kewal-shri-ram-tumhare-charno-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |